33T MHIN

# 2023

# HINDI

## (MODERN INDIAN LANGUAGE)

**Full Marks : 100**

**Pass Marks : 30**

**Time : Three hours**

*The figures in the margin indicate full marks for the questions.*

| | |
|---|---|
| *Q. No. 1 carries 1 mark each* | 1×5 = 5 |
| *Q. No. 2 carries 15 marks* | 15 |
| *Q. No. 3 carries 10 marks* | 10 |
| *Q. No. 4 carries 5 marks* | 5 |
| *Q. No. 5 carries 1 mark each* | 1×5 = 5 |
| *Q. No. 6 carries 5 marks each* | 5 |
| *Q. No. 7 carries 2 marks each* | 2×4 = 8 |
| *Q. No. 8 carries 2 marks each* | 2×3 = 6 |
| *Q. No. 9 carries 3 marks each* | 3×2 = 6 |
| *Q. No. 10 carries 2 marks each* | 2×4 = 8 |
| *Q. No. 11 carries 3 marks each* | 3×4 = 12 |
| *Q. No. 12 carries 2 marks each* | 2×2 = 4 |
| *Q. No. 13 carries 3 marks each* | 3×2 = 6 |
| *Q. No. 14 carries 5 marks* | 5 |
| | Total =100 |

*Contd.*

1. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5

रोटी उसकी, जिसका अनाज, जिसकी ज़मीन, जिनका श्रम हैं,
अब कौन उलट सकता स्वतन्त्रता का सुसिद्ध, सीधा क्रम है।
आजादी है अधिकार परिश्रम का पुनीत फल पाने का,
आज़ादी है अधिकार शोषणों की धज्जियाँ उड़ाने का।
गौरव की भाषा नई सीख, भिखमंगों की आवाज़ बदल,
सिमटी बाँहों को खोल गरुड़, उड़ने का अब अंदाज बदल।
स्वाधीन मनुज की इच्छा के आगे पहाड़ हिल सकते हैं।
रोटी क्या ? ये अंबर वाले सारे सिंगार मिल सकते हैं।

**प्रश्न :**

(क) अजादी क्यों आवश्यक है? 1

(ख) सच्चे अर्थों में रोटी पर किसका अधिकार है? 1

(ग) कवि ने किन पंक्तियों में गिड़गिड़ाना छोड़कर स्वाभिमानी बनने को कहा है? 1

(घ) कवि ने व्यक्ति को क्या परामर्श दिया है? 1

(ङ) आज़ाद व्यक्ति क्या कर सकता है? 1

2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 15

अध्ययन एक पवित्र तपस्या है इसमें परिश्रम है — कठिनाई है। खाने-पीने, हँसने-खेलने और आनंद के समय को भला कौन तब तक कठिन परिश्रम में लगाना चाहेगा, जब तक वह मन से स्वीकार नहीं कर लेता कि इसे करने के बाद मुझे आज से कई गुना अधिक आनंद और सुख मिलने वाला है। विद्‌वानों ने कहा है कि जो व्यक्ति अपने अध्ययन - मनन में तथा अपने काम में ईमानदार और परिश्रमी है, उसे यह समस्त संसार पुरस्कार रूप में प्राप्त हो जाता है।

अध्ययन ही नहीं, किसी भी काम में सफलता-प्राप्ति की यह पहली शर्त है कि हमें अपने काम से प्यार हो, हम बेचैन रहते हों कि कब हमें कुछ समय मिले, कब हमें कोई अवसर प्राप्त हो, कि हम अपने काम को पूरा कर लें। सबसे बढ़िया काम तभी किया जा सकता है, जब हमें उससे गहरा लगाव हो। अपने काम से प्यार करने वाले व्यक्ति को अपूर्व संतोष प्राप्त होता है। प्रत्येक आविष्कार, प्रत्येक उपलब्धि, प्रत्येक महान कार्य करने में उत्साह और जोश ही प्रधान कारण रहे हैं।

**प्रश्न :**

(क) व्यक्ति का अध्ययन में मन कब तक नहीं लगता? 2

(ख) 'अध्ययन एक पवित्र तपस्या है।' 2

भाव स्पष्ट कीजिए।

(ग) व्यक्ति को समस्त संसार पुरस्कार रूप में कैसे प्राप्त हो सकता है ? 2

(घ) किसी भी काम में सफलता प्राप्ति की पहली शर्त क्या होती है? 2

(ङ) उपर्युक्त गद्यांश का एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए। 1

(च) गद्यांश में से एक सरल वाक्य छाँटिए। 2

(छ) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए: 2

परिश्रम; ईमानदार; उत्साह; संतोष

(ज) विपरीतार्थी शब्द लिखिए : 2

हँसना; स्वीकार; सुख; विद्वान

3. निम्नलिखित में से ***किसी एक*** विषय पर निबन्ध लिखिए : 10

(क) खेल का महत्व

(प्रस्तावना — खेल से लाभ — खेल के प्रकार — टीम भावना — उपसंहार)

(ख) विज्ञान वरदान या अभिशाप

(भूमिका — विज्ञान के सद्‌पयोग — दुरुपयोग — चुनौटियाँ — उपसंहार)

(ग) आतंकवाद : मानवता का शत्रु

(प्रस्तावना — आतंकवाद का अर्थ — आतंकवाद के रूप — भारत और आतंकवाद — आतंकवाद मानवता का शत्रु — उपसंहार)

4. (क) अनियमितता और लापरवाही की शिकायत करते हुए अपने क्षेत्र के डाकपाल को पत्र लिखिए । 5

*अथवा*

(ख) अपने शहर में बढ़ते हुए अपराधों की ओर ध्यान आकृष्ट करते हुए किसी दैनिक समाचार पत्र के संपादक को एक पत्र लिखिए। 5

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×5=5

*(i)* संचार माध्यम किसे कहते हैं? 1

*(ii)* रेडियो दृश्य या श्रव्य में से किस प्रकार का जनसंचार माध्यम है? 1

*(iii)* हिन्दी के किन्हीं दो प्रमुख समाचार पत्रों के नाम लिखिए। 1

*(iv)* सम्पादकीय किसे कहते हैं? 1

*(v)* फीचर क्या है? 1

6. (क) बढ़ती महंगाई पर एक आलेख प्रस्तुत कीजिए। 5

*अथवा*

(ख) 'मेरे विद्यालय का पुस्तकालय' विषय पर एक फीचर लिखिए। 5

7. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8

(क) कविता एक उड़ान है चिड़िया के बहानें
कविता की उड़ान चिड़िया क्या जाने
बाहर भीतर
इस घर, उस घर
कविता के पंख लगा उड़ने के माने
चिड़िया क्या जाने?

**प्रश्न :**

*(i)* प्रस्तुत काव्यांश के कवि का नाम और कविता का शीर्षक लिखिए। 2

*(ii)* "कविता एक उड़ान है चिड़िया के बहाने" 2
— पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

*(iii)* "कविता की उड़ान भला चिड़िया क्या जाने" 2
— कवि ने ऐसा क्यों कहा है?

*(iv)* "कविता के पंख लगा उड़ने के माने चिड़िया क्या जानें?— " 2
से कवि का अभिप्राय बताइए।

*अथवा*

(ख) जाने क्या रिश्ता है, जाने क्या नाता है
जिना भी उँड़ेलता हूँ, भर-भर फिर आता है
दिल में क्या झरना है?
मीठे पानी का सोता है –
भीतर वह, ऊपर तुम
मुसकाता चाँद ज्यों धरती पर रात-भर
मुझ पर त्यों तुम्हारा ही खिलता वह चेहरा है!

**प्रश्न :**

*(i)* प्रस्तुत काव्यांश के कवि का नाम और कविता का शीर्षक लिखिए। 2

*(ii)* कवि को अपने दिल में एक झरना क्यों प्रतीत होता है? 2

*(iii)* कवि अपनी प्रिया को अपने जीवन में किस प्रकार अनुभव करता है? 2

*(iv)* "मुसकाता चाँद ज्यों धरती पर रात-भर" – में कौन सा अलंकार है? 2

8. निम्नलिखित में से ***किसी एक*** काव्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 6

(क) ऊँचे-नीचे करम, धरम-अधरम करि
पेट ही को पचत, बेचत बेटा - बेटकी।
'तुलसी' बुझाइ एक राम घनस्याम ही तें,
आगि बड़वागितें बड़ी है आगि पेटकी॥

**प्रश्न :**

*(i)* काव्यांश के भाव सौंदर्य पर चर्चा कीजिए। 2

(ii) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए : 2

करम; पचत; बड़वाग्नि; बुझाइ

(iii) पेट भरने के लिए लोग क्या-क्या करते हैं? 2

*अथवा*

(ख) आँगन में ठुनक रहा है ज़िदयाया है
बालक तो हई चाँद पै ललचाया है
दर्पण उसे दे के कह रही है माँ
देख आईने में चाँद उतर आया है।

**प्रश्न :**

(i) प्रस्तुत काव्यांश के कवि का नाम और कविता का शीर्षक बताइए। 2

(ii) बालक आँगन में ठुनक कर माँ से क्या माँग रहा है? 2

(iii) माँ अपने बेटे को कैसे रिझाती है? 2

9. निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×2=6

(क) 'मुझसे मिलने को कौन विकल?
मैं होऊँ किसके हित चंचल?'

पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) "फिर हम परदे पर दिखलाएँगे फूली हुई आँख की एक बड़ी तसवीर"

— कवि ने ऐसा क्यों कहा है?

(ग) ''नील जल में या किसी की गौर झिलमिल देह जैसे हिल रही हो।''–
प्रस्तुत काव्यांश में कवि ने आकाश का वर्णन किस रूप में किया है?

(घ) ''रोपाई क्षण की,
कटाई अनंतता की
लुटते रहने से जरा भी
नहीं कम होती।'' –
पक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए।

10. निम्नलिखित में से ***किसी एक*** गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 8

(क) अब तक सफ़िया का गुस्सा उतर चुका था। भावना के स्थान पर बुद्धि धीरे धीरे उस पर हावी हो रही थी। नमक की पुड़िया ले तो जानी है, पर कैसे ? अच्छा, अगर इसे हाथ में ले लें और कस्टमवालों के सामने सबसे पहले इसी को रख दें? लेकिन अगर कस्टमवालों ने न जाने दिया! तो मज़बूरी है, छोड़ देंगे। लेकिन फिर उस वायदे का क्या होगा जो हमने अपनी माँ से किया था? हम अपने को सैयद कहते हैं। फिर वायदा करके झुठलाने के क्या मायने? जान देकर भी वायदा पूरा करना होगा। मगर कैसे? अच्छा, अगर इसे कीनुओं की टोकरी में सबसे नीचे रख लिया जाए तो इतने कीनुओं के ढेर में भला कौन इसे देखेगा? और अगर देख लिया? नहीं जी, फलों की टोकरियाँ तो आते वक्त भी किसी की नहीं देखी जा रही थीं। उधर से केले, इधर से कीनू सब ही ला रहे थे, ले जा रहे थे। यही ठीक है, फिर देखा जाएगा।

**प्रश्न :**

*(i)* ''भावना के स्थान पर बुद्धि धीरे-धीरे उस पर हावी हो रही थी।'' 2
पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

*(ii)* सफ़िया के मन में क्या द्वंद्व चल रहा था? 2

(iii) अंत में सफ़िया ने क्या निर्णय लिया? 2

(iv) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक का नाम और पाठ के शीर्षक बताइए। 2

*अथवा*

(ख) लेकिन इस बार मैंने साफ इनकार कर दिया। नहीं फेंकना है – मुझे बाल्टी भर-भर कर पानी इस गंदी मेढ़क-मंडली पर, जब जीजी बाल्टी भर कर पानी ले गई उनके बूढ़े पाँव डगमगा रहे थे, हाथ काँप रहे थे, तब भी मैं अलग मुँह फुलाए खड़ा रहा। शाम को उन्होंने लड्डू-मठरी खाने के दिए तो मैंने उन्हें हाथ से अलग खिसका दिया। मुँह फेरकर बैठ गया, जीजी से बोला भी नहीं। पहले वे भी तमतमाई, लेकिन ज्य़ादा देर तक उनसे गुस्सा नहीं रहा गया। पास आ कर मेरा सर अपनी गोद में लेकर बोलीं ''देख भेइया रूठ मत। मेरी बात सुन। यह सब अंधविश्वास नहीं है, हम इन्हें पानी नहीं देंगे तो इंद्र भगवान हमें पानी कैसे देंगे?'' मैं कुछ नहीं बोला। फिर जीजी बोलीं। ''तु इसे पानी की बरबादी समझता है पर यह बरबादी नहीं है। यह पानी का अर्ध्य चढ़ाते हैं, जो चीज़ मनुस्य पाना चाहता है उसे पहले देगा नहीं तो पाएगा कैसे? इसीलिए ऋषि-मुनियों ने दान को सबसे ऊँचा स्थान दिया है।''

**प्रश्न :**

(i) लेखक ने किस-कार्य के लिए इनकार कर दिया और क्यों? 2

(ii) 'मेढ़क-मंडली' किसे कहा गया है? 2

(iii) लेखक अपनी जीजी से क्यों रूठा हुआ था? 2

(iv) जीजी इंद्र-सेना के पक्ष में क्या तर्क देती है? 2

11. निम्नलिखित में से ***किन्हीं चार*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×4=12

(क) ''जेब भरी हो, और मन खाली हो, ऐसी हालत में जादू का असर खूब होता है''
– आशय स्पष्ट कीजिए।

(ख) चार्ली चैप्लिन के व्यक्तित्व की किन्हीं तीन विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ग) शिरीष को देखकर लेखक को आजकल के नेताओं की याद क्यों आती है ?

(घ) 'बाज़ारूपन' से क्या तात्पर्य है ? किस प्रकार के व्यक्ति बाज़ार को सार्थकता प्रदान करते हैं ?

(ङ) चार्ली चैप्लिन के मन पर हास्य और करुणा के संस्कार कैसे पड़े ?

## पूरक पुस्तक ( वितान : भाग-2 )

12. निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2×2=4

(क) किसनदा के स्वभाव की किन्हीं दो विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ख) यशोधरा बाबू का भरा-पूरा परिवार होने के बावजूद भी स्वंय को अधुरा सा क्यों अनुभव करते हैं ?

(ग) मुअनजो-दड़ो की सभ्यता में हथियारों का न मिलना क्या सिद्ध करता है ?

13. ***किन्हीं दो*** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 3×2=6

(क) ''आधुनिक किस्म के अजनबी लोगों की भीड़ देखकर यशोधरा बाबू अँधेरे में ही दुबक रहे।''

प्रस्तुत कथन के आशय को स्पष्ट कीजिए।

(ख) ''सिंधु-घाटी की सभ्यता मूलतः खेतिहर और पशुपालक सभ्यता थी।''

पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(ग) मुअनजो-दड़ो की जल-निकासी व्यवस्था का वर्णन कीजिए।

14. "नगर नियोजन की मुअनजो-दड़ो अनूठी मिसाल है।" 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए। 5

***अथवा***

यशोधरा बाबू अपने परिजनों से कैसी अपेक्षा रखते हैं? पठित पाठ के आधार पर लिखिए। 5

———×———